# वार्षिक पाठ्यक्रम
## सत्र : 2023-24
## कक्षा – 7
## विषय – हिंदी

| (वसंत भाग 2) पाठ संख्या और नाम | विधा / विषय-वस्तु | व्याकरण और रचनात्मक लेखन | अधिगम संप्राप्ति | संदर्भ/सुझावात्मक क्रियाकलाप |
|---|---|---|---|---|
| **पाठ. 1**<br><br>**हम पंक्षी उन्मुक्त गगन के**<br>(शिवमंगल सिंह सुमन) | **कविता/ स्वतंत्रता**<br><br>पक्षियों के माध्यम से मनुष्य की पराधीनता की पीड़ा को समझाने का प्रयास | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय वस्तु**<br>**कक्षा 5**<br>विशेषण: पहचान **का. सं. 39A**<br>**कक्षा 6**<br>विशेषण: प्रयोग **का. सं. 9**<br>**कक्षा 7**<br>विशेषण: भेद **का. सं. 13**<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिंदु- द्वंद्व समास<br><br>पशु/पक्षी/पर्यावरण पर आधारित पठित/अपठित पद्यांश का अभ्यास | • कविता विधा से परिचित होंगे,<br>• भावानुकूल सस्वर वाचन की कोशिश करेंगे,<br>• प्राकृतिक परिवेश, पशु-पक्षियों के प्रति जिज्ञासु होंगे,<br>• चिड़िया के खान-पान, रहन-सहन परिवेश आदि के बारे में जान सकेंगे,<br>• विभिन्न चिड़िया के नाम और स्वरुप को गौर करेंगे,<br>• पशु-पक्षी के प्रति संवेदनशील होंगे,<br>• पक्षियों के माध्यम से मनुष्य की पराधीनता की पीड़ा को समझने का प्रयत्न करेंगे,<br>• परतंत्र भारत के निवासियों की पीड़ा और ब्रिटिश गुलामी से स्वतंत्रता की उत्कट अभिलाषा को जान सकेंगे,<br>• कल्पनाशीलता का विकास होगा,<br>• पाठान्तर्गत प्रयुक्त नए शब्दों एवं व्याकरणिक बिन्दुओं से परिचित होते हुए उनका भाषिक प्रयोग कर सकेंगे | • कार्यपत्रक सं. 7-8<br>• पशु/पक्षियों को पिंजरे में रखने के औचित्य पर वाद-विवाद |
| **पाठ. 4**<br><br>**कठपुतली**<br>(भवानी प्रसाद मिश्र) | **कविता/ स्वतंत्रता**<br><br>कठपुतलियों के माध्यम से स्वतंत्रता की इच्छा को दर्शाने वाली कविता | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय वस्तु**<br>**कक्षा 5**<br>सर्वनाम: पहचान **का. सं. 10**<br>**कक्षा 6**<br>सर्वनाम: प्रयोग **का. सं. 7**<br><br>**कक्षा 7**<br>• सर्वनाम के भेद ये, मेरे, | • कविता विधा से परिचित होंगे,<br>• भावानुकूल सस्वर वाचन की कोशिश करेंगे,<br>• गुलामी/ परतंत्रता की पीड़ा को समझ सकेंगे,<br>• स्वतंत्रता/ आज़ादी के महत्त्व को समझ पाएंगे,<br>• क्षेत्रीय और पारंपरिक खेलों, मनोरंजन के साधनों और गतिविधियों के प्रति जिज्ञासु | • कार्यपत्रक सं. 14-15<br>• पुराने कपड़े / अखबार/ बेकार वस्तुओं से गुड़िया बनाना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | इन्हें,मुझे,हमेंआदि का सर्वनाम के भेदों के अनुसार वर्गीकरण<br>**का. सं. 25, 27**<br>• पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिंदु- दो शब्दों के जुड़ने से उनके मूल रूप में परिवर्तन जैसे- काठ और पुतली मिलकर कठपुतली बनते हैं। इसी प्रकार दो शब्दों को मिलाकर नए शब्द का निर्माण<br>• भाषा में प्रचलित शब्द युग्मों में परिवर्तन करना जैसे आगे-पीछे का पीछे-आगे आदि।<br>• स्वतंत्रता दिवस पर अनुच्छेद/निबंध लेखन/ चित्र वर्णन का अभ्यास | होंगे,<br>• पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे, | |
| **पाठ. 6**<br><br>**रक्त और हमारा शरीर**<br>**(**यतीश अग्रवाल) | **निबंध/ ज्ञान-विज्ञान**<br><br>रक्त, उसकी संरचना तथा मानव शरीर के लिए उसके महत्त्व को बताता वैज्ञानिक निबंध | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय वस्तु**<br>**कक्षा 5**<br>मुहावरे: अर्थ<br>**कक्षा 6**<br>मुहावरे: वाक्य प्रयोग<br>**कक्षा 7**<br>• मुहावरे : पाठ में आए मुहावरों का अर्थ एवं उनका वाक्य प्रयोग<br>• पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिंदु- वाक्य में एक ही शब्द का दो बार प्रयोग जैसे- होते-होते,किनारे-किनारे,दूर-दूर आदि। इसी प्रकार के अन्य शब्दों का वाक्य प्रयोग<br><br>• रक्तदान का महत्त्व विषय पर अनुच्छेद/निबंध लेखन/ चित्र वर्णन का अभ्यास | • निबंध' शब्द से परिचित होते हुए इस विधा के बारे में जान सकेंगे,<br>• भावानुकूल एवं आदर्श वाचन में सक्षम होंगे,<br>• इस विज्ञान विषयक पाठ के माध्यम से हमारे शरीर और रक्त संरचना को जान सकेंगे,<br>• रक्त के निर्माण,उसकी उपयोगिता और हमारे शरीर के लिए उसके महत्त्व को जान सकेंगे,<br>• रक्त से जुड़े कई शब्द यथा- स्लाइड, सूक्ष्मदर्शी, प्लाज्मा, बिम्बाणु (प्लेटलेट्स) आदि से परिचित होंगे,<br>• रक्त की कमी से होनेवाली बीमारियों एवं उसके प्रभाव से अवगत होंगे,<br>• रक्त अथवा खून की कमी को कैसे पूरा किया जा सकता है, इस तथ्य को जान सकेंगे,<br>• अपने आहार एवं शरीर के प्रति सजग होंगे,<br>• पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग | • कार्यपत्रक सं. 22,24,26,28,29<br>• रक्त/शरीर के अंगों से संबंधित मुहावरों का उनके अर्थ एवं वाक्य प्रयोग के साथ संकलन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | करने में समर्थ होंगे, | |
| **पाठ. 7**<br><br>**पापा खो गए**<br>(विजय तेंदुलकर) | **नाटक/ बाल-मनोविज्ञान**<br><br>निर्जीव वस्तुओं और सजीव जीवों के चरित्र के माध्यम से बाल-मनोविज्ञान को दर्शाता मनोरंजक नाटक | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय वस्तु**<br>**कक्षा 5**<br>विराम चिह्न :पहचान **का. सं. 112 A,**<br>विलोम शब्द:पहचान<br>**कक्षा 6**<br>विलोम शब्द :प्रयोग **का. सं. 135A**<br>**कक्षा 7**<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिंदु-<br>• विराम चिह्नों का वाक्य में प्रयोग<br>• विलोम शब्दों का वाक्य में प्रयोग<br>• अपनी किसी वस्तु के खोने की सूचना देते हुए थानाध्यक्ष को पत्र | • 'नाटक' शब्द से परिचित होते हुए इस विधा से परिचित होंगे,<br>• एकांकी/ लघुनाटिका शब्द से परिचित होंगे,<br>• भावानुकूल एवं आदर्श वाचन में सक्षम होंगे,<br>• नाटक के विभिन्न तत्व यथा पात्र, संवाद, घटनाक्रम आदि से परिचित होंगे,<br>• संवाद के माध्यम से वाचन कौशल को समृद्ध कर सकेंगे,<br>• अपनी कल्पनाशक्ति का विस्तार कर सकेंगे,<br>• पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे | • कार्यपत्रक सं. 16-21<br>• संवाद लेखन : दो या दो से अधिक निर्जीव वस्तुओं के बीच कल्पना पर आधारित संवाद लेखन |

- **उपरोक्त पाठ्यक्रम 30 सितम्बर 2023 तक पूरा करवाना अनिवार्य है।**
- **मध्यावधि परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति करवाई जाए।**
- **दिया गया पाठ्यक्रम मूल्यांकन हेतु है । ध्यातव्य है कि शेष पाठ्य-वस्तु अधिगम संवृद्धि के उद्देश्य मात्र है।**
- **ध्यातव्य है कि पूरक पाठ्य-पुस्तक "बाल महाभारत" कक्षा-7 अधिगम संवृद्धि (Learning Enrichment) के उद्देश्य मात्र से हैं । गत परीक्षाओं में इन पूरक पुस्तकों से प्रश्न नहीं पूछे गए हैं । अधिगम संवृद्धि (Learning Enrichment) के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु इनका उपयोग किया जा सकता है।**

## मध्यावधि परीक्षा

| (वसंत भाग 2) पाठ संख्या और नाम | विधा / विषय-वस्तु | व्याकरण और रचनात्मक लेखन | अधिगम संप्राप्ति | संदर्भ/सुझावात्मक क्रियाकलाप |
|---|---|---|---|---|
| **पाठ.10**<br><br>**अपूर्व अनुभव** | **संस्मरण (जापानी)/ संवेदना**<br><br>दिव्यांग बच्चे के पेड़ पर चढ़ने के सपनों | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय वस्तु**<br>**कक्षा 5** | • संस्मरण' शब्द से परिचित होते हुए इस विधा के बारे में जान सकेंगे,<br>• भावानुकूल एवं आदर्श वाचन में सक्षम | • कार्यपत्रक सं. 31,33,35,37,39<br>• ऐसे दिव्यांग जनों की सूची बनाना और उनके बारे में |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (तेत्सुको कुरियानागी) | को पूरा करने की संस्मरणात्मक कहानी | नए शब्द जोड़कर शब्द निर्माण<br>**कक्षा 6**<br>उपसर्ग और प्रत्यय :पहचान<br>**कक्षा 7**<br>उपसर्ग और प्रत्यय द्वारा नए शब्दों का निर्माण<br><br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिंदु-<br>• संख्यावाची शब्द जैसे- द्विशाखा , त्रिकोण आदि की जानकारी<br>• आना प्रत्यय से शब्द निर्माण<br>• दिव्यांग जनों के प्रति हमारा नजरिया विषय पर अनुच्छेद/निबंध लेखन/ चित्र वर्णन का अभ्यास | होंगे,<br>• दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील होंगे,<br>• दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना का सम्मान कर सकेंगे,<br>• दिव्यांग मित्रों के साथ बिना किसी भेदभाव के समान रूप से व्यवहार करेंगें,<br>• अन्य देशों और भाषाओं के साहित्य से परिचित होंगे,<br>• पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे, | संक्षिप्त जानकारी एकत्र करना जिन्होंने शारीरिक अक्षमता के बावजूद दुनिया में अपनी एक पहचान बनाई है। |
| **पाठ.11**<br><br>**रहीम के दोहे**<br>(रहीम) | **दोहे/भाषा और संस्कृति**<br><br>जीवन जीने की कला को समझाते हुए रहीम के प्रसिद्ध दोहों का संकलन | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय वस्तु**<br>**कक्षा 6**<br>तत्सम और तद्भव शब्द: पहचान<br>**कक्षा 7**<br>तत्सम और तद्भव शब्द: पहचान और उनका वाक्य प्रयोग<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिंदु-<br>• ब्रजभाषा या आँचलिक भाषा के शब्दों के प्रचलित हिंदी रूप<br>• वर्णों की आवृत्ति वाले वाक्य<br><br>• अपनी किसी मित्र/सहेली को अच्छे कार्य करने की | • दोहा विधा से परिचित होंगे,<br>• भावानुकूल सस्वर वाचन की कोशिश करेंगे,<br>• पाठ में दिए गए रहीम के दोहों का अर्थ समझ सकेंगे,<br>• प्रत्येक दोहों में सन्निहित भाव एवं सीख से परिचित होंगे,<br>• सच्ची मित्रता की कसौटी को जान सकेंगे,<br>• वास्तविक लगाव को समझ पाएंगे,<br>• परोपकार की भावना को सोदाहरण समझ पाएंगे,<br>• सहनशक्ति और उदारता की भावना को सोदाहरण समझ पाएंगे,<br>• पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे, | • कार्यपत्रक सं. 30,32<br>विद्यालय और घर के मित्रों के बारे में जानकारी एकत्र करते हुए एक सुंदर स्क्रैप-बुक का निर्माण |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रेरणा देते हुए पत्र लेखन<br>• जीवन मूल्यों पर आधारित पठित/अपठित पद्यांश का अभ्यास | | |
| **पाठ. 12**<br><br>**कंचा**<br>(टी. पद्मनाभन) | **कहानी/बाल मनोविज्ञान**<br><br>बाल मनोविज्ञान पर आधारित एक बच्चे की कहानी जिसके मन में कंचों को पाने के प्रति लालसा है। | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय वस्तु**<br>**कक्षा 5**<br>वचन: पहचान<br>**कक्षा 6**<br>वचन के भेद<br>**कक्षा 7**<br>वचन परिवर्तन के अनुसार वाक्य परिवर्तन<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिंदु-<br>• पाठ में आए मुहावरे, अर्थ और वाक्य प्रयोग<br>• एक से अधिक शब्दों वाले विशेषण जैसे- **बढ़िया सफ़ेद गोल** कंचे<br><br>• अपने घर के आस-पास खेल का मैदान उपलब्ध कराने के लिए नगर विकास अधिकारी को पत्र<br>• मित्रता पर आधारित पठित/अपठित गद्यांश का अभ्यास | आदर्श एवं अनुकरण वाचन,<br>कठिन शब्दों की पहचान एवं उनके सरलार्थ,<br>मूल कथानक का भाव-विश्लेषण,<br>प्रश्नोत्तर एवं पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं का अभ्यास | • कार्यपत्रक सं. 34,36,40<br>• वाद-विवाद: गली मोहल्ले में खेले जाने वाले खेलों का स्थान मोबाइल फ़ोन ने ले लिया है। यह कितना उचित? |
| **पाठ. 17**<br><br>**वीर कुँवर सिंह**<br>(विभागीय) | **जीवनी/संवेदना**<br><br>1857 की क्रांति के नायकों में से एक वीर कुंवर सिंह के जीवन पर आधारित पाठ | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय वस्तु**<br>**कक्षा 5**<br>लिंग: पहचान<br>**कक्षा 6**<br>लिंग के भेद और उनका प्रयोग<br>**कक्षा 7**<br>लिंग परिवर्तन के अनुसार वाक्य परिवर्तन<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिंदु- | • जीवनी' शब्द से परिचित होते हुए इस विधा के बारे में जान सकेंगे,<br>• भावानुकूल एवं आदर्श वाचन में सक्षम होंगे,<br>• वीर कुँवर सिंह के जीवन, व्यक्तित्व, देशभक्ति और स्वाधीनता संग्राम में उनके योगदान को जान सकेंगे,<br>• 1857 के स्वाधीनता संग्राम एवं उसके सेनानियों के बारे में जान सकेंगे,<br>• राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम के विभिन्न | 1857 की क्रांति से संबंधित भारत के अमर सपूतों के सचित्र और संक्षिप्त विवरण के साथ सूची तैयार करना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | • एक शब्द से अन्य शब्दों का निर्माण जैसे- 'रूप' शब्द से कुरूप , स्वरुप, बहुरूप आदि शब्द ।<br>• पाठ में दी गई संधि का अभ्यास<br><br>• भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित पठित/अपठित गद्यांश का अभ्यास | घटनाक्रमों और उनसे जुड़े व्यक्तियों के प्रति जिज्ञासु होंगे,<br>• पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे | |

- **उपरोक्त पाठ्यक्रम 31 जनवरी 2024 तक पूरा करवाना अनिवार्य है।**
- **वार्षिक परीक्षा में संपूर्ण पाठ्यक्रम का मूल्यांकन किया जाएगा जाएगा।**
- **वार्षिक परीक्षा हेतु संपूर्ण पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति करवाई जाए।**
- **दिया गया पाठ्यक्रम मूल्यांकन हेतु है । ध्यातव्य है कि शेष पाठ्य-वस्तु अधिगम संवृद्धि के उद्देश्य मात्र है।**
- **ध्यातव्य है कि पूरक पाठ्य-पुस्तक "बाल महाभारत" कक्षा-7 अधिगम संवृद्धि (Learning Enrichment) के उद्देश्य मात्र से हैं | गत परीक्षाओं में इन पूरक पुस्तकों से प्रश्न नहीं पूछे गए हैं । अधिगम संवृद्धि (Learning Enrichment) के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु इनका उपयोग किया जा सकता है।**

## वार्षिक परीक्षा